THE ORIENTAL INSURANCE COMPANY LIMITED
(A Govt. Of India Undertaking)
REGIONAL OFFICE
Jeevan Jyoti Building (LIC Building), 2nd Floor,
Jagadhri Road, Ambala Cantt
Phone – 0171-4091902, 0171-4091943
CIN : U66010DL1947GOI007158,
Website : www.orientalinsurance.org.in E
Mail : roambala@orientalinsurance.co.in

अंबाला में लीज आधार पर आवासीय परिसर

अंबाला में बाथरूम, ड्राइंग रूम, किचन, बरामदा आदि के साथ 4/5 कमरों के आकार में आवासीय परिसर प्राप्त करने के लिए दोहरी बोली प्रणाली आधार पर में मुहरबंद प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जिसमें स्नान कक्ष, शौचालय, बरामदा एवं कम से कम 3 कारों की पार्किंग सुविधा के साथ 1400 वर्ग फुट का कालीन क्षेत्र होना चाहिए। लीज न्यूनतम 9 वर्ष की अवधि के लिए उपयुक्त प्राधिकारी के साथ पंजीकृत किया जाएगा जिसका पंजीकरण शुल्क 50:50 के आधार पर साझा किया जाएगा । तकनीकी बोली के साथ-साथ वित्तीय बोली का चयन केवल कारपेट एरिया के आधार पर किया जाएगा। आवासीय परिसर चालू हालात में होना चाहिए, जिसमे उचित स्थान, शौचालय, समुचित हवादार (वेंटिलेशन) सहित प्रवेश के लिए अच्छी पहुंच वाली चौड़ी सड़क पर स्थित होना चाहिए।

इच्छुक पार्टियां दो अलग-अलग लिफाफों में विधिवत "तकनीकी बोली" और "वित्तीय बोली" लिखकर बोलियां जमा कर सकती हैं। इन दोनों बोलियों को तीसरे लिफाफे में रखा जाना चाहिए जिस पर "पट्टे पर आवासीय परिसर के लिए प्रस्ताव" लिखा हो। इसे क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन ज्योति बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, जगाधरी रोड, अंबाला कैंट में रखे गए टेंडर बॉक्स में डाला जाना चाहिए। सम्पूर्ण बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि 22/03/2024 शाम 5.00 बजे तक है। तकनीकी बोली 26/03/2024 को अपराह्न 3.00 बजे खोली जाएगी।

विस्तृत नियमों और शर्तों के साथ बोलियों का प्रारूप क्षेत्रीय कार्यालय, अंबाला से कार्यालीय समय में 22/03/2024 तक प्राप्त किया जा सकता है या हमारी वेबसाइट www.orientalinsurance.org.in (निविदाएं) से डाउनलोड किया जा सकता है। मुहरबंद बोलियों को अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले निविदाकर्ता या उसके प्रतिनिधि द्वारा रखे गए उचित टेंडर बॉक्स में डालना होगा। डाक के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव भी निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय से पहले पहुंच जाने चाहिए। पारगमन (ट्रांजिट) में गुम और किसी भी अन्य कारण से देरी से प्राप्त होने वाली बोलियों के लिए कंपनी उत्तरदायी नहीं होगी। दलालों (ब्रोकर्स) को कंपनी द्वारा कोई कमीशन नहीं दिया जाएगा और उनके प्रस्ताव के साथ मालिक का एक पत्र होना चाहिए जिसमें उन्हें उनकी ओर से बोली लगाने के लिए अधिकृत किया गया हो। कंपनी बिना कोई कारण बताए समस्त या किसी भी अन्य प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

क्षेत्रीय प्रबंधक